कला स्नातक कार्यक्रम

एफवाईयूपी (FYUP) गौड़ पाठ्यक्रम– I

(अर्थशास्त्र)

सत्रीय कार्य 2025.26

पाठ्यक्रम कोड : बी.ई.सी.एम.–161

पाठ्यक्रम शीर्षक : व्यष्टि अर्थशास्त्र के सिद्धांत

इग्नू
जन-जन का
विश्वविद्यालय

सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

मैदान गढ़ी, नई दिल्ली . 110068

**बी.ई.सी.एम.–161**

**सूक्ष्म अर्थशास्त्र के सिद्धांत**

**सत्रीय कार्य**

**(2024.25)**

**प्रिय अध्येता,**

जैसा कि हमने आपको कार्यक्रमनिर्देशिका में सूचित किया था, इग्नू में आपकी प्रगति का मूल्यांकन दो भागों में किया जाता है : (प) सत्रीय कार्यों द्वारा निरंतर मूल्यांकन; और (पप) सत्रांत परीक्षा। आपके संपूर्ण मूल्यांकन में सत्रीय कार्य का भार 30ः तथा सत्रांत परीक्षा का भार 70ः होता है।

आपको एक 6 क्रेडिट पाठ्यक्रम के लिए 3 या 4 क्रेडिट पाठ्यक्रम के लिए 2 शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य करने हैं। इस सत्रीय कार्य पुस्तिका में आपके कोर पाठ्यक्रम **बी.ई.सी.एम.161 : व्यष्टि अर्थशास्त्र के सिद्धांत** का शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य दिया गया है– यह पाठ्यक्रम 6 क्रेडिट का है। अतः इस पुस्तिका में 3 शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य है जिनके अंकों का योगफल 100 है और भार 30ः है।

खंड क में विस्तारपूर्ण प्रश्न (क्ब्फे) हैं। इनमें आपको निबंधात्मक उत्तर लिखते हैं जिनमें प्रस्तावना और निष्कर्ष भी होते हैं। इनका लक्ष्य आपकी विषयवस्तु को ठीक से समझ उसे भली प्रकार सुस्पष्ट रूप से व्यक्त रने की क्षमता का मूल्यांकन करना है।

खंड ख में मध्य स्तर वर्ग (डब्फे) के प्रश्न है। यहाँ आपकी विषय की तर्कों के अनुसार व्याख्या करते हुए संगठित उत्तर लिखने की क्षमता का मूल्यांकन किया जाता है। दूसरे शब्दों में, आपकी विभिन्न संकल्पनाओं एवं प्रक्रियाओं में भेद एवं तुलना कर पाने की क्षमता का यहाँ आंकलन किया जाएगा।

खंड ग में, संक्षिप्त उत्तर वर्ग ै(ब्फे) के प्रश्न हैं। ये आपकी व्यक्तियों, रचनाओं, घटनाओं या संकल्पनाओं एवं प्रक्रियाओं का पुनःस्मरण कर संबद्ध जानकारी को संक्षेप में व्यक्त करने की क्षमता का विकास करेंगे।

सत्रीय कार्य करना आरंभ करने से पूर्व कार्यक्रम निदेशिका के निर्देशों को ध्यानपूर्वक समझ लें। यह बहुत महत्त्वपूर्ण है कि आप अपने शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्यों के प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में दें। आपके उत्तर बताई गई शब्द सीमा में ही होने चाहिए। याद रखें कि इन प्रश्नों के उत्तर लिखने से आपकी लेखन कला में सुधार होगा और आपकी परीक्षा हेतु तैयारी भी होगी।

आपको सत्रांत परीक्षा में शामिल होने का पात्र बनने के लिए कार्यक्रम निदेशिका में बताई गई समय सीमाओं में ही अपने सत्रीय कार्य जमा कराने होंगे।

**ये सत्रीय कार्य अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक के पास जमा करा देने चाहिए।**

i) **सत्रांत परीक्षा जून 2026 में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के लिए सत्रीय कार्य जमा कराने की अंतिम तिथि 30 मार्च, 2026 है।**

ii) **सत्रांत परीक्षा दिसंबर 2026 में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के लिए सत्रीय कार्य जमा कराने की अंतिम तिथि 30 सितंबर, 2026 है।**

आपको अध्ययन केंद्र से सत्रीय कार्य जमा करने की रसीद मिलेगी। उसे संभाल कर रखें। संभव हो तो अपने सत्रीय कार्य की एक फोटो प्रतिलिपि भी करा रखें।

अध्ययन केंद्र मूल्यांकन के बाद आपके सत्रीय कार्य आपको लौटाएगा। आपको मिले अंक अध्येता मूल्यांकन प्रभाग, इग्नू, नई दिल्ली को भेजें जाएंगे?

हम आशा करते हैं कि आप सभी प्रश्न सत्रीय कार्यों में उनके लिए दिए गए निर्देशों के अनुसार हल करेंगे। इन बातों का ध्यान रखना उपयोगी रहेगा :

1) **नियोजन :** प्रश्नों को ध्यान से देखें और उन इकाइयों को पढ़ें जिन पर वे आधारित है। प्रत्येक प्रश्न के महत्त्वपूर्ण बिंदुओं को लिखकर रखें तथा उन्हें तार्किक क्रम में संयोजित करें।

2) **गठन :** अपने उत्तरों की प्रारंभिक रूपरेखा तैयार करते समय कुछ चयन और विश्लेषण ज़रूर करें। अपनी प्रस्तावना तथा निष्कर्षों पर विशेष ध्यान दें।

   सुनिश्चित करें कि आप के उत्तर :

   (क) तर्काधारित एवं सुसंगतिपूर्ण हों;

   (ख) वाक्यों एवं अनुच्छेदों के बीच स्पष्ट संबंध सूत्र हों, और

   (ग) लिखते समय अभिव्यक्ति, शैली एवं प्रस्तुति पर पर्याप्त ध्यान देते हुए सही उत्तर दिए गए हों।

3) **प्रस्तुति :** जब आप स्वयं संतुष्ट हो जाएं तो जमा कराने के लिए अपने अंतिम साफसाफ लिखें, जहाँ आवश्यक हो, महत्त्वपूर्ण बिंदुओं को रेखांकित भी करें। यह भी ध्यान रखें कि बताई गई शब्द सीमाओं का अनुपालन हो रहा हो।

**BECM 161 व्यष्टि अर्थशास्त्र के सिद्धांत**

**शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य**

**पाठ्यक्रम कोड : बी.ई.सी.एम.161**
**सत्रीय कार्य कोड : ए.एस.टी.(टी.एम.ए.)/2025–26**
**पूर्णांक : 100**

**खंड– क**

**निम्नलिखित वर्णनात्मक श्रेणी के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में लिखें। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर का मान 20 अंक है। 2X20 =40**

1. क) रेखाचित्र देते हुए उत्पादन की तीन अवस्थायें बतायें। एक युक्त (rational)उत्पादक को प्रतियोगी दशाओं के अंतर्गत द्वितीय अवस्था के अंतर्गत उत्पादन क्यों करना चाहियें?

ख) उत्पादन संभावना वक्र (PPC)क्या है? PPC वक्र किस प्रकार अर्थव्यवस्था के चयन की वस्तुओं को प्रदान करता है?

2. (क) तटस्थता वक्र क्या होते है? इनकी विशेषताएं बतायें।

(ख) दो वस्तुओं X तथाYके लिए एक उपभोक्ता का उपयोगिता फलन इस प्रकार दिया हैः

$$U(X,Y)=X^{0.2}Y^{0.7}$$

(i) X के लिए उपभोक्ता की सीमांत उपयोगिता क्या होगी?
(ii) Y के लिए उपभोक्ता की सीमांत उपयोगिता क्या होगी?

**खंड ख**

**निम्नलिखित मध्यम श्रेणी के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 250 शब्दों में लिखें। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक का है। 3X10=30**

3. क) आवश्यकता एवं उपयोगिता एक दूसरे से किस प्रकार अंर्तसंबंधित हैं? उपभोक्ता व्यवहार के संबंध में गणनावाचक एवं क्रमवाचक दृष्टिकोण में अंतर बतायें।

ख) आधुनिक अर्थशास्त्रियों द्वारा किस आधार पर ह्रासमान सीमांत उपयोगिता नियम की आलोचना की जाती है?

4. अंर्तनिहित लागतें क्या है? इन अंर्तनिहित लागतों का आकलन किस प्रकार किया जा सकता है? क्या आप ऐसा मानते है कि इन लागतों को उत्पादन की लागतों में सम्मिलित किया जाना चाहिए। अपने उत्तर के समर्थन में कारण दें।

5.(क) सावर्जनिक एकाधिकार तथा निजी एकाधिकारी फर्म में अंतर बतायें? रेखाचित्र की सहायता से व्याख्या करें कि एक सार्वजनिक एकाधिकारी फर्म अपने कीमत एवं उत्पादन की मात्रा का निर्धारण किस प्रकार करती है?

ख) बाज़ार की विफलता से आप क्या समझते हो? बाज़ार की विफलता के विभिन्न स्रोतों को बतायें। अदक्ष बाज़ार की स्थितियों में सुधार लाने हेतु कौन–कौन से नीतिगत संयंत्रों का प्रयोग किया जा सकता है?

**खंड ग**

**प्रत्येक लघु उत्तर के प्रश्नों के उत्तर 100 शब्दों में लिखें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 6 अंक हैं। 5X 6=30**

6. व्याख्या करें किस प्रकार दुर्लभता (scarcity) सभी आर्थिक क्रियाओं का मूल कारण होती है?

7. रेखाचित्र की सहायता से कीमत प्रभाव को आय प्रभाव एवं स्थानपित्त प्रभाव के रूप में विलगन करने की प्रक्रिया की व्याख्या करें।

8. सीमांत आगम वक्र तथा औसत आगम वक्र की बीच अंर्तसंबंध की चर्चा करें।

9. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन के बीच अंतर बतायें।

i. सीमांत भौतिक उत्पाद तथा सीमांत आगम उत्पाद

ii. प्रतिकूल चयन तथा नैतिक खतरे

iii. सामान्य लाभ तथा असामान्य लाभ

10. निम्नलिखित प्रदत्त माँग फलन एवं पूर्त्ति फलन की सहायता से X वस्तु की संतुलित कीमत एवं मात्रा का निर्धारण करें।

$$Q_d = 8000 - 1000P_x$$

$$Q_s = -4000 + 2000P_x$$